


# आग से इलेक्ट्रॉनिक्स-फर्नीचर शोरूम में 25 लाख का नुकसान

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना/पोरसा, 23 नवंबर।** कस्बे में सब्जी मंडी के पास स्थित सोनू इलेक्ट्रिकल्स की फर्नीचर की दुकान में देर रात लगी आग से 21 लाख का सामान जलकर राख हो गया 5 से 10 लाख से वहीं बिल्डिंग भी क्षतिग्रस्त हो गई। पटवारी सांतेश सिंह तोमर, तहसीलदार नवीन भारद्वाज तथा नगर निरीक्षक दिनेश सिंह कुशवाहा ने मौका मुआयना किया।

**कस्बा पोरसा में शनिवार की देर रात हुई घटना**

आगजनी की घटना में 18 रेफ्रिजरेटर, 11 एयरकंडीशनर, 8 एलइडी टीवी, 66 इंडेक्शन स्टोव, चार आटा चक्की, एक इलेक्ट्रिक स्कूटी, 10 पंखे, 7 कूलर, 16 वाशिंग मशीन, 32 फाइबर की कुर्सी, चार सोफा, 10 मिक्सर ग्राइंडर, 5 अलमारी, 6 बेड, 40 गद्दे, 4 ड्रेसिंग टेबल, मकान में लगा फर्नीचर सहित शोरूम में 25 से 30 लाख का नुकसान होने का अनुमान बताया जा रहा है।

# बारातियों ने ट्रॉली में भरे धान के पुआल में आग लगाई, टला हादसा

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 23 नवंबर।** एमएस रोड पर जा रहे धान की पुआल से भरे ट्रेक्टर-ट्रॉली को स्वर्ण अयोध्या मैरिज गार्डन के सामने बारातियों की भीड़ के कारण रुकना पड़ा,

**शनिवार देर रात एमएस रोड पर स्वर्ण अयोध्या मैरिज गार्डन के बाहर हुई घटना**

इसी दौरान बारातियों में शामिल किसी युवक ने ट्रॉली में भरे धान के पुआल में आग लगा दी। आग ने पलभर में ही विकराल रूप धारण कर लिया, सूचना मिलने के बाद फायर बिग्रेड मौके पर पहुंचीं और पानी फेंककर आग पर काबू पाया।

जानकारी के अनुसार जनपद मुरैना की ग्राम पंचायत जतावर के मजरा धर्मजीत का पुरा में रहने वाला पशुपालक रुस्तम सिंह गुर्जर अपने पशुओं के चारे के लिए शनिवार को भिण्ड जिले की गोहद तहसील के बाराहेट इलाके के गांवों से धान की पुआल खरीदने के बाद ट्रेक्टर-ट्रॉली में लादकर गांव जा रहा था। ट्रेक्टर-ट्रॉली जब मुरैना शहर में एमएस रोड से होकर बैरियर चौराहे की ओर जा रहे थे, तभी हरीराज टॉकीज से



पहले स्थित स्वर्ण अयोध्या मैरिज गार्डन में शादी समारोह में बारात का आगमन होने की वजह से सड़क पर ट्रैफिक रुक-रुककर चल रहा था। ट्रेक्टर चला रहे रुस्तम सिंह के चाचा मोहर सिंह ने ट्रेक्टर को रोक लिया, तभी वहां मौजूद बारातियों में शामिल किसी युवक ने ट्रॉली में भरे धान की पुआल में लाईटर की मदद से आग लगा दी। आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल फायर बिग्रेड को सूचना दी। तब तक ड्राईवर मोहर सिंह ट्रेक्टर-ट्रॉली को कोर्ट तिराहे से आगे ले गया, जिससे बिजली के तारों तक आग की लपटें न पहुंच सके। मौके पर पहुंचीं फायर बिग्रेड ने पानी फेंककर आग पर काबू पाया। हादसे में पशुपालक रुस्तम सिंह का करीब 20 हजार रूपये का नुकसान होना बताया जा रहा है।

## बार्डर पर फोर्स तैनात करें ताकि राजस्थान-यूपी से बाजरा न आए

**मुरैना, 23 नवंबर।** जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत बाजरा उपार्जन का कार्य 24 नवंबर से 24 दिसंबर 2025 तक होगा। बाजरा उपार्जन के लिए समर्थन मूल्य 2775 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है, जबकि खुले बाजार में बाजरा का मूल्य 2000 से 2100 रुपये प्रति क्विंटल के बीच रहने की संभावना है। इस मूल्य अंतर के कारण उपार्जन केन्द्रों पर बाजरा की आवक बढ़ने की संभावना व्यक्त की गई है।कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर द्वारा पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर अवगत कराया गया है कि समीपवर्ती राज्यों से भी समर्थन मूल्य का लाभ उठाने हेतु बाजरा लाकर विक्रय किए जाने की आशंका है।

# अवैध वसूली के विवाद में ठेकेदार पर हमला-फायरिंग

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना/जौरा, 23 नवंबर।** कस्बे की गल्ला मंडी में चल रहे मेले की व्यवस्थाएं लगातार सवालों के घेरे में हैं। शनिवार देर रात मेले में ठेकेदार पर हुए हमले और हवाई फायरिंग की घटना से अफरा-तफरी मच गई। मामला थाने तक पहुंच चुका है।

फरियादी बीरपाल यादव (34) निवासी अलापुर जौरा ने पुलिस को बताया कि 21 नवंबर की रात मेले में स्टैंड पर मोटरसाइकिल खड़ी करने को लेकर दीपेश उर्फ करूआ नि. जौनारा के साथ विवाद हो गया था। इसी रंजिश के

**कस्बा जौरा में शनिवार की रात मेले में हुई घटना**

चलते शनिवार करीब 2 बजे दीपेश उर्फ कालिया अपने साथियों के साथ मेले में आया और फरियादी की बहन को लेकर अभद्र भाषा का प्रयोग करने लगा। विरोध करने पर दीपेश ने लाठी से उसके दाहिने हाथ पर वार किया, जिससे कलाई में चोट आई। साथ ही पीछे से डंडे से हमला कर पीठ पर भी गंभीर चोट पहुंचाई। आरोप है कि हमलावरों ने उसे जमीन पर पटककर लात-घूंसे मारे और मेले में लगे कैमरे व कुर्सियों को तोड़कर आर्थिक नुकसान भी किया। भीड़ के बीच दीपेश ने कमर से पिस्टल निकालकर हवाई फायर कर दिया, जिससे मौके पर भगदड़ और दहशत का माहौल बन गया।

# बेकाबू बोलेरो बिजली के तीन पोल तोड़कर खंती में पलटी

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 23 नवंबर।** स्टेशन रोड थाना क्षेत्र में मुड़ियाखेड़ा स्थित अंबाह बायपास पर एक तेज रफ्तार बोलेरो अनियंत्रित होकर बिजली के तीन पोल तोड़ते हुए सड़क किनारे भरे पानी में जा पलटी। घटना शनिवार देर रात 12 बजे के बाद की है। हालांकि

**शनिवार की रात मुड़ियाखेड़ा के निकट अंबाह बायपास पर हादसा**

गनीमत रही कि बोलेरो में सवार बाराती सकुशल बच गए।

जानकारी के अनुसार रविवार तड़के अंबाह बायपास रोड से होकर एक बोलेरो जीप तेज रफ्तार में गुजर रही थी, इस जीप में आधा दर्जन की संख्या में लोग सवार थे। बोलेरो जीप जब मुड़ियाखेड़ा के नजदीक से गुजर रही थी, तभी तेज रफ्तार



बोलेरो से ड्राईवर अपना संतुलन खो बैठा और बोलेरो सड़क किनारे लगे 11 केवी लाईन के तीन खंबों को टक्कर मारने के बाद खंती में भरे पानी में जाकर पलट गई। गनीमत रही कि सड़क किनारे जहां बोलेरो पलटी, वहां पानी कम था, इसलिए बोलेरो में सवार ड्राइवर सहित अन्य लोग सकुशल बाहर निकल आए।

**खंबे टूटने से खेतों में टूटकर गिरी हाईटेंशन लाइन, हादसा टला :** रविवार तड़के मुड़ियााखेड़ा के पास अंबाह बायपास पर अनियंत्रित बोलेरो की टक्कर से तीन से चार बिजली पोल टूटने के बाद 11 केव्ही हाईटेंशन लाइन खेतों में बिखर गई। चूंकि इस समय खेतों में नमी है और खेत मालिक के अलावा मवेशियों का भी खेतों में आना-जाना रहता है। ऐसे हालात में करंट की चपेट में आने से हादसा होने का डर पैदा हो गया। लेकिन समय रहते ग्रामीणों की सूचना पर बिजली कंपनी की टीमों ने सप्लाई बंद कर दी। जिसकी वजह से कई इलाकों में दिनभर बिजली सप्लाई बाधित रही। वहीं सूचना के बाद मौके पर पुलिस पहुंची और पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

# 34 हजार की शराब समेत फरार तस्कर संतू उर्फ संतोष पकड़ा

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 23 नवंबर।** शराब तस्करी के अपराध में लंबे समय से फरार चल रहे तस्कर संतू उर्फ संतोष सिकरवार को अंबाह पुलिस ने रविवार को दबोच लिया। पुलिस ने उसके घर से 7 पेटी देशी शराब बरामद की है। जिसका बाजारू मूल्य 34 हजार 800 रूपये आंका गया है।

पुलिस के अनुसार शराब तस्करी को लेकर अंबाह थाने में दर्ज अपराध क्रं. 446/25 में नामजद तस्कर संतू उर्फ संतोष सिकरवार पुत्र रामलाल सिकरवार लंबे समय से फरार चल रहा था। 23 नवंबर को पुलिस ने तस्कर संतू के गांव थरा में उसके घर की घेराबंदी कर संतोष को दबोच लिया। तलाशी के दौरान पुलिस ने उसके घर से देशी शराब की 7 पेटियां बरामद कीं। पुलिस ने आबकारी एक्ट का अपराध दर्ज कर लिया है। कार्यवाही में अंबाह थाना प्रभारी



निरीक्षक सतेन्द्र सिंह कुशवाह, एसआई चेतन करोरिया, एएसआई किशन सिंह, यशवंत सिंह, आर. लखन प्रताप, दिनेश, आर. चालक राकेश जाट शामिल थे।

# चाट सेंटर की दुकान का ताला तोड़कर नकदी-सिलेंडर चोरी

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना/जौरा, 23 नवंबर।** कस्बे में चोरी की वारदात थमने का नाम नहीं ले रही है। शुक्रवार-शनिवार की रात कस्बे की पुरानी तहसील क्षेत्र में स्थित एक चाट सेंटर का ताला तोड़कर अज्ञात चोर एक

**कस्बा जौरा में शुक्रवार-शनिवार की दरम्यानी रात हुई वारदात**

रसोई गैस सिलेंडर और नकदी चोरी कर ले गए।

जानकारी के अनुसार पुरानी तहसील के पास भानु कुशवाह मयंक चाट सेंटर के नाम से दुकान चलाते हैं। शुक्रवार-शनिवार की रात 9 बजे वह अपनी दुकान बंद




कर घर चले गए थे। शनिवार की सुबह जब वे दुकान पहुंचे तो मुख्य दरवाजे के ताले टूटे मिले और अंदर सारा सामान अस्त-व्यस्त मिला। जांच में पता चला कि चोर दुकान में भरा हुआ गैस सिलेंडर और रोज की कमाई के लिए रखी गुल्लक में जमा करीब 3500 रुपये नकद उड़ा ले गए। चोरी की तत्काल सूचना भानु ने दुकान के मालिक को दी, जिसके बाद मामला पुलिस तक पहुंचाया गया।

# 7 साल पहले छतरपुर में लूट करने वाला तमंचे के साथ पकड़ा

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 23 नवंबर।** प्रदेश के छत्तरपुर जिले के बकस्वाह थाना क्षेत्र में करीब 7 साल पहले लूट, डकैती की वारदात को अंजाम देने वाले फरार बदमाश को स्टेशन रोड थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसके पास से 315 बोर कट्टा, जिंदा राउण्ड जब्त किए है।

जानकारी के अनुसार स्टेशन रोड थाना प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह राजपूत ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर 22 नवंबर को पॉलीटेक्निक कॉलेज की दीवार के पास खड़े जयवीर सिंह गुर्जर पुत्र सियाराम सिंह गुर्जर निवासी विण्डवा थाना सिविल लाईन हाल बड़ोखर को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान पुलिस ने उसके पास से 315 बोर का कट्टा और एक जिंदा राउण्ड जब्त किया। पड़ताल के दौरान पता चला कि पकड़े गए

**मुरैना एवं छत्तरपुर में दर्ज है 14 आपराधिक प्रकरण**

जयवीर के विरुद्ध छत्तरपुर के बकस्वाह थाने में लूट की वारदात को अंजाम दिए जाने का अपराध दर्ज है। जिसमें जयवीर सिंह बीते 7 साल से फरार बना हुआ था। पुलिस के अनुसार बदमाश जयवीर गुर्जर के विरुद्ध मुरैना जिले के दिमनी, सिविल लाईन, स्टेशन



रोड, दिमनी, कोतवाली और छत्तरपुर जिले के बकस्वाह थाने में आर्म्स एक्ट, जुआ एक्ट, हत्या का प्रयास, मारपीट, डकैती, लूट की धाराओं में कुल 14 अपराध पंजीबद्ध है।

**शिकारपुर रोड पर अधिया लेकर खड़ा बदमाश पकड़ा :** स्टेशन रोड थाना पुलिस ने शनिवार की शाम को शिकारपुर रोड पर वारदात को अंजाम देने की नीयत से 315 बोर अधिया और जिंदा राउण्ड लेकर खड़े सहपाल सिंह तोमर पुत्र गजेन्द्र सिंह नि. ग्राम छिछावली दिमनी हाल बड़ोखर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आर्म्स एक्ट की धाराओं में अपराध दर्ज किया है।

**कार्यवाही करने वाली टीम में यह रहे शामिल :** निरीक्षक कुलदीप सिंह राजपूत, एएसआई निहाल सिंह, प्र.आर. रामसेवक सिंह, मेहताब सिंह, सुरेशसिंह, आरक्षक कमलकिशोर, हरेन्द्रपाल, आर. चालक पवन कुमार, लाल सिंह, मनीष शर्मा कार्यवाही करने वाली टीम में शामिल थे।

# एसआईआर : अब तक 55 .93 प्रतिशत वोटरों का डिजिटलाईजेशन

## 4 दिसंबर तक करना है पूरा, बीएलओ पर बढ़ता जा रहा है दबाव, 15 .53 लाख वोटर्स में से अब तक 21 हजार 430 मिसिंग

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 23 नवंबर।** एसआईआर यानि स्पेशल इंटेसिव रिवीजन (विशेष गहन पुनरीक्षण) का काम जिलेभर में 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक किया जा रहा है। जिसके लिए जिले की छह विधानसभा क्षेत्रों में एक हजार 711 बीएलओ घर-घर जाकर गणना पत्रक का वितरण कर उन्हें डिजिटलाइज कर रहे हैं। अभी तक 55.93 प्रतिशत मतदाताओं के पत्रकों का डिजिटलाइजेशन का काम पूरा हो चुका है। इस काम को शुरू हुए 24 दिन बीते चुके हैं और 11 दिन अभी शेष हैं। जिसकी वजह बीएलओ पर पुनरीक्षण का काम पूरा करने का दबाव दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है।



**डिजिटलाइजेशन में मुरैना विसं फिसड्डी, सबलगढ़ अव्वल:** जिले की छह विधानसभा सीटों पर 15 लाख से अधिक मतदाताओं में से 99.40 प्रतिशत मतदाताओं के गणना पत्रक बांटे जा चुके हैं। लेकिन सिर्फ 8 लाख 41 हजार 977 मतदाताओं के गणना फॉर्म का डिजिटलाइजेशन हो सका है। डिजिटलाइजेशन के मामले में जिले की मुरैना विसं अब तक फिसड्डी साबित हुई है, यहां सिर्फ 46.40 प्रतिशत वोटरों के पत्रक डिजिटलाइज हो सके हैं। जबकि सबलगढ़ विसं में सबसे अधिक 66.96 प्रतिशत यानि 1 लाख 59 हजार 273 मतदाताओं के पत्रकों का डिजिटलाइजेशन हो चुका है।

**21 हजार 430 मतदाता मृत हुए या पलायन कर गए :** मतदाता सूचियों के विशेष पुनरीक्षण का काम अभी महज 55.93 प्रतिशत हुआ है। जिसमें 21 हजार 430 मतदाता या तो जिले से पलायन कर गए अथवा उनकी मृत्यु हो गई है। जिनके गणना पत्रक अनकलेक्टिव हैं।

**अब तक एक दर्जन से अधिक बीएलओ पर कार्रवाई :** जिले में मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य में लगे एक हजार 711 बीएलओ पर काम का दबाव बढ़ता जा रहा है। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि आधा दर्जन से अधिक बीएलओ जहां निलंबित हो चुके हैं। वहीं एक दर्जन बीएलओ के ऊपर वेतन काटने की कार्रवाई हो चुकी है।

**ननि में 40 से अधिक कर्मचारी एसआईआर में जुटे :** जिलेभर में चल रहे एसआईआर काम के दबाव का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि नगर निगम परिसर के सभागार में नगर निगम आयुक्त सतेंद्र धाकरे के निर्देशन में 40 से अधिक कर्मचारी दिन-रात काम में जुटे हुए हैं, जो देर रात 10 बजे तक ड्यूटी कर रहे हैं।

# बैंडबाजों के साथ निकली एकता पदयात्रा, सैकड़ों हुए शामिल





**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 23 नवंबर।** राष्ट्रीय एकता और अखंडता के प्रतीक लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर 23 नवंबर को मुरैना शहर में एकता पदयात्रा का आयोजन किया गया। इस पदयात्रा का नेतृत्व मुरैना-श्योपुर सांसद शिवमंगल सिंह तोमर ने किया।

पदयात्रा में महापौर श्रीमती शारदा सोलंकी, भाजपा जिलाध्यक्ष कमलेश कुशवाह, पूर्व मंत्री मुंशीलाल, गिर्राज डण्डौतिया, पूर्व विधायक राकेश मावई, जिला पंचायत सीईओ कमलेश भार्गव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष बनवारीलाल धाकड़, जनपद मुरैना अध्यक्ष मोहर सिंह कंसाना सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी,

**सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर हुआ आयोजन**

कर्मचारी, स्कूली छात्र-छात्राएं व गणमान्य नागरिक शामिल हुए। एकता पदयात्रा का शुभारंभ शहर के सुभाष नगर क्षेत्र स्थित जेएस मैरिज गार्डन से हुआ। जिसके बाद पदयात्रा रेलवे ओव्हरब्रिज से होकर एमएस रोड, पुरानी कलेक्ट्रेट, पुराना बस स्टैंड से होकर बैरियर चौराहा होते हुए केएस चौराहे पर पहुंचीं, जहां स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यापर्ण किया गया। पदयात्रा का समापन नैनागढ़ रोड स्थित मिश्रा मैरिज गार्डन पहुंचकर हुआ। इस मौके पर सांसद श्री तोमर ने कहा कि सरदार पटेल ने देश की अखण्डता और एकता की नींव रखी। उन्हें आदर्श मानते हुए उनके इस महत्वपूर्ण योगदान को हमेशा स्मरण कर याद रखा जायेगा। उनकी विचारधारा, देशप्रेम और अनुशासन आज भी हर भारतीय के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं।

# धोखाधड़ी के केस में 1 साल से फरार नरेश पकड़ा गया

**नवभारत न्यूज**


**मुरैना, 23 नवंबर।** रिठौरा थाने में दर्ज धोखाधड़ी के मामले में बीते एक साल से फरार चल रहे आरोपी नरेश गुर्जर को पुलिस ने 22 नवंबर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार धोखाधड़ी और कूटरचित दस्तावेज तैयार किए जाने की धाराओं में रिठौरा थाने में अपराध क्रं. 115/24 दर्ज है। जिसमें नामजद नरेश गुर्जर पुत्र रामअख्तयार निवासी ग्राम लोलकपुर थाना नूराबाद बीते एक साल से फरार चल रहा था। 22 नवंबर को मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने नरेश को रान्सू रोड पर शनीचरा के पास से गिरफ्तार कर लिया। कार्यवाही में रिठौरा थाना प्रभारी एसआई संतोष बाबू गौतम और उनकी टीम शामिल थी।



# ओपीएस बहाली को दिल्ली में आंदोलन कल, जाएगें कर्मचारी

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 23 नवंबर।** नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम कमेटी के बैनर तले दिल्ली के रामलीला मैदान में विशाल आंदोलन का आयोजन कल 25 नवंबर को होगा। इस आंदोलन में मुरैना जिले से बड़ी संख्या में कर्मचारी शामिल होंगे।



एनएमओपीएस कमेटी के जिलाध्यक्ष संजय दीक्षित ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि आंदोलन में शामिल होने के लिए मुरैना जिले से बड़ी संख्या में कर्मचारी दिल्ली जाएगें। श्री दीक्षित ने कर्मचारी साथियों से दिल्ली जाने के लिए 25 नवंबर की सुबह साढ़े पांच बजे रेलवे स्टेशन पहुंचकर महाकौशल एक्सप्रेस से रवाना होने की अपील की है। अपील करने वालों में थान सिंह सिकरवार, मुन्नालाल शर्मा, शिवराज शर्मा, पवन सिंह परिहार, योगेन्द्र यादव, राजमोहन शर्मा, धर्मेन्द्र भारद्वाज, रामसिंह त्यागी, लज्जाराम कुशवाह, रामबरन सिकरवार, जितेन्द्र शर्मा, विनोद गुप्ता, संदीप धाकड़ आदि शामिल है।

# 5 हजार का ईनामी राजवीर गुर्जर गिरफ्तार, जेल भेजा

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 23 नवंबर।** हत्या की कोशिश किए जाने के मामले में फरार चल रहे राजवीर सिंह गुर्जर को माताबसैया थाना पुलिस ने 23 नवंबर को नगरा गांव से गिरफ्तार कर लिया। राजवीर की गिरफ्तारी पर मुरैना पुलिस की ओर से पांच हजार रूपये का ईनाम घोषित किया गया था। पुलिस के अनुसार माताबसैया थाने में बीएनएस की धारा-109, 296, 125, 3(5) में दर्ज अपराध क्रं. 14/25 में नामजद राजवीर सिंह गुर्जर पुत्र हरीसिंह गुर्जर निवासी ग्राम नगरा घटना के बाद से ही फरार बना हुआ था। 23 नवंबर को मुखबिर से मिली सूचना पर पुलिस ने राजवीर को नगरा गांव से दबोच लिया। राजवीर को न्यायालय ने जेल



भेज दिया है। पुलिस ने बताया इस केस में नामजद दो अन्य आरोपियों को पूर्व में ही गिरफ्तार किया जा चुका है। कार्यवाही में एसआई अरुण सिंह कुशवाह, एएसआई मनीष पाठक, प्र.आर. शिवसिंह, श्यायवीर, आर. दीपेन्द्र सिंह, आर. करन सिंह, सौरभ शामिल थे।